Fourteenth Loksabha

Session : 6
Date : 16-12-2005

Participants : Yadav Shri Ram Kripal

an>

Title : Shortage of LPG in Bihar.

श्री राम कृपाल यादव (पटना) : सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से केन्द्रीय पैट्रोलियम मंत्री का ध्यान बिहार की तरफ आकृट करना चाहता हूं। बिहार में एलपीजी गैस की काफी कमी हो गई है। वहां गैस न मिलने से हाहाकार मचा हुआ है। लोगों को गैस के लिए सुबह से शाम तक कतार में खड़ा होना पड़ रहा है, फिर भी गैस नहीं मिल रही है। गैस की कमी ने एजेंसी को ब्लैक मार्केट में बेचने के लिए खुलमखुल्ला छूट दे रखी है। गैस एजेंसी पूरे तौर पर खुलेआम ब्लैक करवा रही है और 200 रुपए से ज्यादा दाम वसूल रहे हैं। खास तौर पर मेरे संसदीय क्षेत्र पटना में गैस की काफी किल्लत हो गई है, जिसकी वजह से लोगों का जीना दुर्लभ हो गया है और बहुत पर्याप्त मात्रा में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय पैट्रोलियम मंत्री जी से निवेदन करूंगा कि अविलम्ब हस्तक्षेप करें और बिहार में गैस की कमी की पूर्ति कराने की व्यवस्था करें। मेरे संसदीय क्षेत्र में जो पटना शहर है वहां गैस की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति कराएं ताकि वहां नागरिकों को जो कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है, उससे वे दूर हो सकें और लोगों को राहत मिल सके।